**NEWS CLIPPING: 30.04.2021**

**PUNJAB KESARI**

# विश्वविद्यालय के गुणवत्ता मानदंडों को बनाए रखने में अपना योगदान दें शिक्षक : प्रो. दिनेश कुमार

## नवनियुक्त शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



*नवनियुक्त शिक्षकों से संवाद करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

फरीदाबाद, 29 अप्रैल (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने विश्वविद्यालय के नवनियुक्त शिक्षकों के लिए एक दिवसीय आनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय ने हाल ही में विभिन्न शैक्षणिक विभागों में एसोसिएट प्रोफेसर और असिसटेंट प्रोफेसर के 20 पदों पर शिक्षकों की भर्ती की है। कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा डिजिटल प्रकोष्ठ की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करना और उन्हें विश्वविद्यालय की सुविधाओं, प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रणाली, विश्वविद्यालय के नियमों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत सभी शिक्षकों द्वारा परिचय से हुई। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने सभी शिक्षकों का विश्वविद्यालय की ओर से स्वागत किया। इसके उपरांत सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार से संवाद किया। कुलपति ने नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के गुणवत्ता मानदंडों को बनाये रखने और सुधार में अपना योगदान दे। इस अवसर पर सभी डीन, चेयरपर्सन तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से अनुभव प्राप्त संकाय सदस्यों के चयन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति ने कहा कि राज्य के तकनीकी विश्वविद्यालयों में जेसी बोस विश्वविद्यालय एक अग्रणी शिक्षण संस्थान है, जो गुणवत्ता तथा वरीयता के लिए जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने हाल ही में कम समय में नियत प्रक्रिया के तहत काफी संख्या में नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक एवं प्रशासनिक सेवाओं में गुणवत्ता लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। कुलपति ने नवनियुक्त शिक्षकों को अनुसंधान तथा शैक्षणिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

**NEWS CLIPPING: 30.04.2021**

## THE PIONEER

# नवनियुक्त शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ आयोजित



फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज विश्वविद्यालय के नवनियुक्त शिक्षकों के लिए एक दिवसीय आनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय ने हाल ही में विभिन्न शैक्षणिक विभागों में एसोसिएट प्रोफेसर और असिसटेंट प्रोफेसर के 20 पदों पर शिक्षकों की भर्ती की है। कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा डिजिटल प्रकोष्ठ की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करना और उन्हें विश्वविद्यालय की सुविधाओं, प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रणाली, विश्वविद्यालय के नियमों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत सभी शिक्षकों द्वारा परिचय से हुई। कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने सभी शिक्षकों का विश्वविद्यालय की ओर से स्वागत किया। इसके उपरांत सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार से संवाद किया। कुलपति ने नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के गुणवत्ता मानदंडों को बनाये रखने और सुधार में अपना योगदान दे। इस अवसर पर सभी डीन, चेयरपर्सन तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से अनुभव प्राप्त संकाय सदस्यों के चयन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति ने कहा कि राज्य के तकनीकी विश्वविद्यालयों में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय एक अग्रणी शिक्षण संस्थान है, जो गुणवत्ता तथा वरीयता के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने हाल ही में कम समय में नियत प्रक्रिया के तहत काफी संख्या में नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक एवं प्रशासनिक सेवाओं में गुणवत्ता लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

**NEWS CLIPPING: 30.04.2021**

## SATYAJAY TIMES

# विश्वविद्यालय के गुणवत्ता मानदंडों को बनाये रखने में अपना योगदान दें शिक्षक : प्रो. दिनेश कुमार

**फरीदाबाद, 29, अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज विश्वविद्यालय के नवनियुक्त शिक्षकों के लिए एक दिवसीय आनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय ने हाल ही में विभिन्न शैक्षणिक विभागों में एसोसिएट प्रोफेसर और असिसटेंट प्रोफेसर के 20 पदों पर शिक्षकों की भर्ती की है।



कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा डिजिटल प्रकोष्ठ की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करना और उन्हें विश्वविद्यालय की सुविधाओं, प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रणाली, विश्वविद्यालय के नियमों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत सभी शिक्षकों द्वारा परिचय से हुई। कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने सभी शिक्षकों का विश्वविद्यालय की ओर से स्वागत किया। इसके उपरांत सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार से संवाद किया। कुलपति ने नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के गुणवत्ता मानदंडों को बनाये रखने और सुधार में अपना योगदान दे। इस अवसर पर सभी डीन, चेयरपर्सन तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से अनुभव प्राप्त संकाय सदस्यों के चयन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति ने कहा कि राज्य के तकनीकी विश्वविद्यालयों में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय एक अग्रणी शिक्षण संस्थान है, जो गुणवत्ता तथा वरीयता के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने हाल ही में कम समय में नियत प्रक्रिया के तहत काफी संख्या में नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक एवं प्रशासनिक सेवाओं में गुणवत्ता लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। कुलपति ने नवनियुक्त शिक्षकों को अनुसंधान तथा शैक्षणिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान, डीन (क्वालिटी एश्योरेंस) प्रो. संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय के संबंध में सामान्य ब्यौरा प्रस्तुत किया। सभी कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग, अनुभाग और कार्यालय के संबंध में परिचय दिया गया।

डीन इंस्टीट्यूशन्स प्रो. तिलक राज ने अकादमिक प्रणाली तथा डीन अकादमिक प्रो. विकास तुर्क ने अकादमिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। डिप्टी डीन (आरएंडडी) डॉ. राजीव साहा ने विश्वविद्यालय की अनुसंधान सुविधाओं एवं कार्यों का ब्यौरा दिया। कंप्यूटर सेंटर तथा डिजिटल प्रकोष्ठ की निदेशक डॉ. नीलम दूहन ने विभिन्न डिजिटाइजेशन पहलों की जानकारी दी। डीन इंफोर्मेटिक्स एंड कंप्यूटिंग प्रो. कोमल भाटिया ने डाटा मैनेजमेंट सिस्टम, लाइब्रेरियन डॉ. पी.एन. बाजपेयी ने लाइब्रेरी सुविधाओं, उपकुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने प्रशासनिक नियमों तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार ने परीक्षा नियम एवं प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक आईक्यूएसी डॉ. हरिओम की देखरेख में किया गया।

**NEWS CLIPPING: 30.04.2021**

**PUNJAB KESARI**

# विवि के गुणवत्ता मानदंडों को बनाए रखने में अपना योगदान दें शिक्षक: प्रो. दिनेश

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज विश्वविद्यालय के नवनियुक्त शिक्षकों के लिए एक दिवसीय आनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय ने हाल ही में विभिन्न शैक्षणिक विभागों में एसोसिएट प्रोफेसर और असिसटेंट प्रोफेसर के 20 पदों पर शिक्षकों की भर्ती की है।

कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा डिजिटल प्रकोष्ठ की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करना और उन्हें विश्वविद्यालय की सुविधाओं, प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रणाली, विश्वविद्यालय के नियमों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी शिक्षकों द्वारा परिचय से हुई। कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने सभी शिक्षकों का विश्वविद्यालय की ओर से स्वागत किया।इसके उपरांत सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार से संवाद किया। कुलपति ने नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के गुणवत्ता मानदंडों को बनाये रखने और सुधार में अपना योगदान दे।इस अवसर पर सभी डीन, चेयरपर्सन तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से अनुभव प्राप्त संकाय सदस्यों के चयन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति ने कहा कि राज्य के तकनीकी विश्वविद्यालयों में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय एक अग्रणी शिक्षण संस्थान है, जो गुणवत्ता तथा वरीयता के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने हाल ही में कम समय में नियत प्रक्रिया के तहत काफी संख्या में नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक एवं प्रशासनिक सेवाओं में गुणवत्ता लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। कुलपति ने नवनियुक्त शिक्षकों को अनुसंधान तथा शैक्षणिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान, डीन (क्वालिटी एश्योरेंस) प्रो. संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय के संबंध में सामान्य ब्यौरा प्रस्तुत किया। सभी कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग, अनुभाग और कार्यालय के संबंध में परिचय दिया गया। डीन इंस्टीट्यूशन्स प्रो. तिलक राज ने अकादमिक प्रणाली तथा डीन अकादमिक प्रो. विकास तुर्क ने अकादमिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। डिप्टी डीन (आरएंडडी) डॉ. राजीव साहा ने विश्वविद्यालय की अनुसंधान सुविधाओं एवं कार्यों का ब्यौरा दिया। कंप्यूटर सेंटर तथा डिजिटल प्रकोष्ठ की निदेशक डॉ. नीलम दूहन ने विभिन्न डिजिटाइजेशन पहलों की जानकारी दी। डीन इंफोर्मेटिक्स एंड कंप्यूटिंग प्रो. कोमल भाटिया ने डाटा मैनेजमेंट सिस्टम, लाइब्रेरियन डॉ. पी.एन. बाजपेयी ने लाइब्रेरी सुविधाओं, उपकुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने प्रशासनिक नियमों तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार ने परीक्षा नियम एवं प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

पंजाब केसरी Fri, 30 April 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/60141544

**NEWS CLIPPING: 30.04.2021**

**HINDUSTAN**

# नवनियुक्त शिक्षकों को नियमों से परिचित कराया

**आयोजन**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने गुरुवार को नवनियुक्त शिक्षकों के लिए एक दिवसीय आनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय ने हाल ही में विभिन्न शैक्षणिक विभागों में एसोसिएट प्रोफेसर और असिसटेंट प्रोफेसर के 20 पदों पर शिक्षकों की भर्ती की है।

कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा डिजिटल प्रकोष्ठ की देखरेख में किया गया। इसका उद्देश्य नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करना और उन्हें विश्वविद्यालय की सुविधाओं, प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रणाली, विश्वविद्यालय के नियमों से परिचित कराना था। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के गुणवत्ता मानदंडों को बनाये रखने और सुधार में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि राज्य के तकनीकी विश्वविद्यालयों में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय एक अग्रणी शिक्षण संस्थान है, जो गुणवत्ता तथा वरीयता के लिए जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने हाल ही में कम समय में नियत प्रक्रिया के तहत काफी संख्या में नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति की है। विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक एवं प्रशासनिक सेवाओं में गुणवत्ता लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

**NEWS CLIPPING: 30.04.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# नवनियुक्त शिक्षकों के लिए हुआ कार्यक्रम

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने गुरुवार को नवनियुक्त शिक्षकों के लिए एक दिवसीय ऑनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। यूनिवर्सिटी ने हाल ही में विभिन्न शैक्षणिक विभागों में असोसिएट प्रफेसर व असिस्टेंट प्रफेसर के 20 पदों पर शिक्षकों की भर्ती की है। कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व डिजिटल प्रकोष्ठ की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करना व उन्हें यूनिवर्सिटी की सुविधाओं, प्रशासनिक व शैक्षणिक प्रणाली, यूनिवर्सिटी के नियमों से परिचित कराना था। कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने सभी शिक्षकों का यूनिवर्सिटी की ओर से स्वागत किया। इसके बाद सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार से संवाद किया। इस अवसर पर सभी डीन, चेयरपर्सन व विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 30.04.2021**

## AMAR UJALA

# ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता पर रहा जोर

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त शिक्षकों के लिए बृहस्पतिवार को एक दिवसीय आनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न शैक्षणिक विभागों में एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 20 पदों पर भर्ती शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी से विवि के गुणवत्ता मानदंडों को बनाए रखने के लिए अपना योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी शिक्षकों द्वारा परिचय से हुई। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने सभी शिक्षकों का विवि की ओर से स्वागत किया। कुलपति ने नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए जिम्मेदारियों का निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया। डीन क्वालिटी अश्योरेंस प्रो. संदीप ग्रोवर ने विवि के संबंध में सामान्य ब्यौरा प्रस्तुत किया। सभी कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग, अनुभाग और कार्यालय के संबंध में परिचय दिया गया। डीन इंस्टीट्यूशंस प्रो. तिलक राज ने अकादमिक प्रणाली व डीन अकादमिक प्रो. विकास तुर्क ने अकादमिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। ब्यूरो